# चैत्र नवरात्र अष्टमी पर बाड़ी माता मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़



क्षेत्र के प्रमुख शक्तिपीठ बाड़ी माता मंदिर के दर्शन करते श्रद्धालु।

**बिजयनगर, (निसं)।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर दुर्गा अष्टमी के अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख शक्तिपीठ बाड़ी माता मंदिर पर श्रद्धालुओं कादर्शनों के लिए भीड़ लगी रही। मंगलवार प्रातः काल से ही श्रद्धालु पैदल एवंअपने वाहनों पर सवार होकर बाड़ी माता मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने नारियल माला अगरबत्ती प्रसाद चढ़ाकर मंदिर में स्थापित बाड़ी माता जी की प्रतिमा केदर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। लायंस क्लब सदस्य पदाधिकारी एवं मातृशक्ति माता गाजे बाजे के साथ माता रानी के जयकारे करते हुयेश्रद्धा के साथ बाड़ी माता मंदिर पहुंचे। मंदिर की सान्ध्यकालीन महा आरती में शामिल होकर मां दुर्गे के दर्शन करते हुएसभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। लायन्स क्लब के सदस्य पदाधिकारी तेजा चौक स्थित त्रिवेणी माता मंदिर से शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए क्षेत्र के प्रमुख शक्तिपीठ बाड़ी माता मंदिर पहुंचे। लॉयन्स क्लब अध्यक्ष राजेंद्र धनोपिया, डॉ. अमित उपाध्याय, नवीन सोनी, राजकुमार बिंदल, महावीर कोठारी, दीपिका सोनी, प्रतिभा त्रिपाठी, उर्मिला धनोपिया सहित सदस्य पदाधिकारीदर्शन के लिए पहुंचे।

## चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर घर-घर हुआ कन्या पूजन

**अजमेर, (कासं)।** चैत्र नवरात्र के तहत मंगलवार को अष्टमी का पर्व मनाया। कन्या पूजन के साथ घरों सहित मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। सुबह विभिन्न मंदिरों और घरों-संस्थाओं में माता की पूजा-अर्चना के बाद कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया। मंदिरों में जगदम्बा, भैरूं, कुमारी पूजन, त्रिकाल, भोग आरती हुई। अष्टमी पर घरों और मंदिरों में कन्या पूजन होगा।

लोग कन्याओं के पैर धोकर-तिलक कर पूजा करेंगे। किया और पूड़ी, काले चने की सब्जी, सूजी का हलवा, फल और अन्य भोजन कराकर श्रद्धानुसार उपहार दिए। शहर में कई स्थानों पर आम भण्डारे का आयोजन भी हुआ। बुधवार को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा, शोभायात्रा का जुलूस भी निकलेगा। घरों में सुबह नवरात्र समापन पर कन्याओं को भोजन करा उपहार दिए जाएंगे। मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होगा।

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के दिन मंगलवार को मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन की। सुबह से ही जय माता दी के उद्‌घोष से मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजते रहे। घरों व मंदिरों में अष्टमी के हवन की सुगंध महकी। अष्टमी पर घरों और मंदिरों में कन्या पूजन होगा। लोग कन्याओं के पैर धोकर-तिलक कर पूजा करेंगे। किया और पूड़ी, काले चने की सब्जी, सूजी का हलवा, फल और अन्य भोजन कराकर श्रद्धानुसार उपहार दिए। मंदिरों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिली। भक्तों ने अपने घरों में अष्टमी के दिन कन्या भोज कराया। अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने सौभाग्य, धन संपदा, सौंदर्य और स्त्री जनित गुणों की अधिष्ठात्री देवी महागौरी की आराधना की।

## मतदान जागरूकता अभियान रथ रवाना

**अजमेर, (कासं)।** जिला प्रशासन अजमेर एवं ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जिला परिषद अजमेर के प्रांगण से अजमेर ग्रामीण, सिलोरा, श्रीनगर, एवं अंराई ब्लॉक के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान रथ को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप नोडल प्रभारी अभिषेक खन्ना द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना करके मतदान के प्रति जागरूक किया।

यह जागरूकता रथ 5 दिनों तक इन ब्लॉकों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मतदाताओं विशेष रूप से मजदूर, बुजुर्ग, महिलाओ, युवाओं एवं दिव्यांगजनो को आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए नुक्कड़ सभा, नारों, पोस्टर-पेम्पलेट्स एवं जागरूकता गीत के माध्यम से जागरूक करने का कार्य करेगा।

यह रथ गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर लोकतंत्र के इस पर्व को मतदान करके मनाने का आव्हान करेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्था निदेशक अभय सिंह ,केंद्र प्रभारी जितेंद्र सिंह राठौड़ एवं जिला परिषद अजमेर के अधिकारीगण रामविलास जांगिड़, दर्शना शर्मा, रेणुका वर्मा, अलका पंवार, पायल एवं मतदाता जागरूकता रथ की टीम के सदस्य रामचंद्र, महेश कुमार, हाजी मोहम्मद एवं सरदार उपस्थित रहे।

## झूलेलाल मन्दिर में हुआ कन्या पूजन एवं हवन

- 501 कन्याओं का सामूहिक पूजन किया गया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की शाम की सब्जी मंडी स्थित झूलेलाल सनातन मन्दिर में मंगलवार को चैत्र नवरात्र की अष्टमी के उपलक्ष में 501 कन्याओं का सामूहिक पूजन किया गया। झूलेलाल नवयुवक सेवा संस्था के प्रवक्ता मूलचंद बहरवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत में पंडित दशरथ मेहता व ब्रामहानों के दल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान पूर्वक संस्थापक्ष चेलाराम लखवानी व हेमनदास भोजवानी के नेतृत्व में 51 दंपतियों ने यज्ञ वेदी का सामूहिक पूजन कर हवन में आहुतियाँ दी। बाद में 501 कन्याओ के चरण धुलवाकर उन्हें तिलक, माल्यार्पण कर भोजन प्रसादी करवाकर कई सामग्री व माया भेंट की।

कार्यक्रम में रश्मि हेमनानी के नेतृत्व में शेवाधारियों द्वारा 56 भोग भी सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में सिंधी समाजजनों व माता के श्रद्धालुओं ने बैंड की धून पर जोरदार नृत्य व पुष्प वर्षा भी की गई। कार्यक्रमो में पूर्व सभापति मंजु पोखरना, टेकंराम भगत, हीरालाल गुरनानी, गोपाल नानकानी, तुलसीदास सखरानी, भगवान नथरानी, गुलशन विधानी, सुरेश भोजवानी, मोहन तुल्स्यानी, संदीप लुधानी, विजय भोजवानी, कविश, बहरवानी, राजकुमार खुशलानी, महेंद्र शर्मा, वासुदेव मोतियानी, मनोज भोजवानी, राजेंद्र शेखावत, परमानंद तनवानी, कन्हैयालाल देवानी, एमडीराम, जानकी आसनानी, लखमीचंद बतरा, निर्मला भोजवानी, लाल नथरानी, हरीश मानवानी, अशोक टहिलानी,भगवान उत्तमचंदानी, रमेश पमनानी, कमल हेममानी, गोविंद मनकानी, राजकुमार पहलवानी, हरीश राजवानी, सुनीता पहलवानी, रवीना भोजवानी, ओम गुलाबानी, मनोहर लालवानी आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की भगवानगंज गृह निर्माण योजना के आवासीय आवास संख्या 18 क्षेत्रफल के आवंटी अन्तरिति श्री मंघाराम पुत्र श्री रेवाचन्द निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 13/03/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 07/09/2007) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री राधास्वामी सत्संग ब्यास, डेरा बाबा जैमलसिंह, तहसील बाबा बकाला, जिला अमृतसर जरिये सचिव श्री कन्हैयालाल तिलोकानी पुत्र स्व. श्री रिजुमल निवासी अजयनगर, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की भगवानगंज गृह निर्माण योजना के आवासीय आवास संख्या 19 क्षेत्रफल के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती अम्बा देवी शर्मा पत्नि श्री दुर्गाप्रसाद शर्मा निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 19/12/2016 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनमा (पंजीकृत दिनांक 21/04/2016) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री दिग्पाल शर्मा पुत्र स्व. श्री दुर्गाप्रसाद शर्मा निवासी अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

न.नि.अ/भवन/23-24 /50 दिनांक: 16/04/2024

आपति सूचना

श्री अजय सोनगरा पुत्र श्री सत्यनारायण सोनगरा एवं श्री प्रवीण सोनगरा पुत्र श्री सत्यनारायण सोनगरा निवासीगण 109/18 लक्ष्मी भवन नला बाजार अजमेर द्वारा एक सम्पति जिस पर ए.एम.सी. नं. 5/8 = 8/93 = 17/346 का भाग है जो वाके नला बाजार अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 12.36 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानसार हैं।

पूर्व - गली 6 फुट चौड़ी पश्चिम - सम्पति श्री माधोलाल व सम्पति श्री खुशालदास

उत्तर - कॉमनवाल तत्पश्चात् इसी ए.एम.सी नं. की अन्य भाग सम्पति दक्षिण - सम्पति संख्या 17/345 है।

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**

क्रमांक- न.प.कि/कृ.भूमि/2024/25 दिनांक: 15/04/2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 1383, 1382 पर स्थित आवासीय ( भूखण्ड संख्या 31 क्षेत्रफल 166.66 वर्गगज ) पर श्रीमती नीलम छाजेड पत्नि श्री राकेश धारीवाल ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में - 30 फीट का रास्ता पश्चिम में - भूखण्ड संख्या 04

उत्तर में - भूखण्ड संख्या 32 दक्षिण में - भूखण्ड संख्या 30

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**

क्रमांक- न.प.कि/कृ.भूमि/2024/47 दिनांक: 15/04/2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 949 पर स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 216 क्षेत्रफल 226.66 वर्गगज ) पर श्रीमती रेनु मैसी पत्नि श्री सुनील मैसी ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में - भूखण्ड संख्या 217 पश्चिम में - भूखण्ड संख्या 215

उत्तर में - 30 फीट का रास्ता दक्षिण में - भूखण्ड संख्या 224

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उतराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चोरसियावास योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या खसरा नं. 1677 क्षेत्रफल 399. 56 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति (1) श्रीमती कांता चन्दनानी पत्नि गोविन्दराम चन्दनानी (2) नेरश चन्दनानी पुत्र गोविन्दराम चन्दनानी निवासी A-75 अरावली विहार लायन्स क्लब के पीछे वैशाली नगर अजमेर जिसमे माता (1) श्रीमती कांता चन्दनानी की मृत्यु दिनांक 23/3/23 को हो गई है जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) गोविन्दराम चन्दनानी पुत्र गागनदास (2) नेरश चन्दनानी (3) राजीव चन्दनानी (4) कमल चन्दनानी पुत्रगण गोविन्दराम चन्दनानी निवासी अजमेर (5) श्रीमती लक्षिता मोतियाण्नी पुत्री गोविन्दराम चन्दनानी पत्नि सुकेश मोतियानी (जयपुर) द्वारा अपने सहहिस्सेदार जितेन्द्र चन्दनदनी पुत्र गणेविन्दराम चन्दनानी निवासी A-75 अरावली विहार लायन्स क्लब के पीछे वैशाली नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 25/5/2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है एउक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध मे किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगीव आवेदकों के नणम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर


## श्री बाबाधाम पर नवरात्र महोत्सव में उमड़ी भीड़

- पूर्णाहुति, कन्या पूजन, महाआरती आज होगें।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** श्री बाबा धाम पर नवरात्र महोत्सव में सामूहिक महाअष्टमी दुर्गा पूजा और लक्ष्मी यज्ञ श्री बाबा धाम में हुआ, इस महापूजा में हवन पूजन, दुर्गा पाठ, अभिषेक, दुर्गा पूजा अर्चना की गई, लक्ष्मी यज्ञ भी किया गया। इस दौरान पूरा बाबा धाम मंदिर प्रांगण में पूरे परिवार ने हवन, पूजन में भाग लिया। इस दौरान पूरा बाबा धाम श्रद्धालुओं से खचा-खच भरा हुआ था।

श्री बाबा धाम पर नवरात्रा महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्री बाबाधाम के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल के सानिध्य में नवरात्रा महोत्सव में श्री बाबाधाम मंदिर प्रांगण में विशेष विद्युत सजावट व आकर्षक रंग बिरंगे फूलों से मंदिर को सजाया गया। नौ ही दिन माताजी का विशेष श्रृंगार किया जायेगा।नवरात्रा में प्रतिदिन सुबह आरती के पश्चात 9.15 बजे से हवन, पूजन किया गया। नवरात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को यज्ञशाला की तैयारियां पण्डित गोविन्द गौतम ने की। 9.15 बजे से आचार्य श्री पण्डित शिवप्रकाश जी जोशी, पं. योगेन्द्र शर्मा व पण्डित गोविन्द गौतम और अन्य पण्डितों के द्वारा पूर्णाहुति हुई, उसके पश्चात आरती हुई। नवरात्रा में हजारों भक्तों ने श्रद्धा व आस्था के साथ हवन, पूजन व महाआरती का लाभ लिया और सभी भक्तजन अपनी-अपनी मनोकामना के लिये मन्नत मांगते है। नवरात्रा के अंतिम दिन पूर्णाहुति और कन्या पूजन सांयकाल 7.30 बजे महाआरती होगी। सभी भक्तजन पधारकर धर्म का लाभ लेवें।

# कांग्रेस प्रत्याशी ने रखा अपना विजन

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीपी जोशी ने कहा कि अगर भीलवाड़ा की जनता ने मुझे अवसर दिया तो मैं अपने वादे पर खरा उतरते हुए जिले के संसदीय क्षेत्र में एक लाख युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराऊंगा।

जोशी मंगलवार को एक होटल में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि मैंने पिछली बार 2009 में भीलवाड़ा से लोकसभा चुनाव लड़ा और यहां की जनता से वादा किया था कि अगर वह जिले की पेयजल समस्या का समाधान नहीं करा पाए तो दोबारा चुनाव नहीं लड़ेंगे और मैंने अपने वादे पर काम करते हुए 1600 गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 3200 करोड़ रुपए की लागत से बनी चंबल पेयजल परियोजना को पूर्ण करवाया।

जोशी ने पुनः चुनाव में उतरने का कारण बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने जब उन्हें भीलवाड़ा से लोकसभा चुनाव लड़ने को कहा तो उन्होंने इस प्रस्ताव को सहजता से स्वीकार किया क्योंकि भीलवाड़ा की जनता से उनका गहरा जुड़ाव रहा है और फिर उन्होंने इस चुनाव को चुनौती के रूप में स्वीकार किया है। इस चुनाव में एक विजन लेकर उतरे है और उनका यह विजन है कि भीलवाड़ा जिले में उद्योग लगाने की भरपूर संभावनाएं हैं उसी के तहत कहां - कहां किस तरह का उद्योग लगाना है और उसके लिए क्या-क्या प्रयास करने होंगे उसका पूरा प्लान, पूरा विजन उनके पास है अगर जनता ने उन्हें दोबारा संसद में जाने का अवसर दिया तो वह अपने वादे पर खरा उतरते हुए जिले भर के एक लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का अपना वादा पूरा करेंगे। उन्होंने माना कि कांग्रेस को आज विषम परिस्थितियों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी वह इस चुनाव में भीलवाड़ा की परिपक्व जनता के भरोसे चुनाव मैदान में उतरे हैं।



राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीपी जोशी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि पिछली बार जब उन्हें जीता कर संसद भेजा गया और उन्हें जो मंत्रालय मिले उसका पूरा लाभ भीलवाड़ा की जनता को उन्होंने दिलवाया, अब अगर पुनः उन्हें अवसर दिया गया तो वह भीलवाड़ा की हर बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए कटिबंध रहेंगे। पत्रकार वार्ता में उनके साथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल डांगी एवं कांग्रेस के जिला महामंत्री महेश सोनी भी उपस्थित थे।

## पूर्णाहुति समारोह

**ब्यावर, (निसं)।** श्री मांगट देव धाम बड़ा खेड़ा के प्राण प्रतिष्ठा, कलश स्थापना एवं पूर्णाहुति समारोह के चतुर्थ दिन आयोजित यज्ञ हवन पूजन में 51 जोड़ों ने भाग लिया पूरी श्रद्धा के साथ करीब 6 घंटे चले इस हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ आहुति दी।चतुर्थ दिन रात्रि में जागरण हुआ एवं पंचम दिन बुधवार को हवन प्रातः 8:30 बजे प्रारंभ होगा। 11:35 पर अभिजीत मुहूर्त में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा शिखर पर कलश एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम होगा तत्पश्चात श्रीमान गड्डी विकास एवं प्रबंधन समिति के तत्वावधान में भोजन प्रसादी महा भंडारे के रूप में होगी।

# नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान सरकार सड़क सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा एवं परिवहन विभाग, निजी बस एसोसिएशन, गोमाबाई नेत्र चिकित्सालय की तरफ से चालकों व परिचालकों का नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चालकों का जनरल हेल्थ चेकअप नेत्र परीक्षण किया।

इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव के मार्गदर्शन में परिवहन निरीक्षक महेश कुमार पारीक ,निजी बस एसोसिएशन के पदाधिकारी कलीम काजी, बाबूलाल अग्रवाल, गुड्डू ओझा, मनोज पारीक के साथ ही गौमाबाई प्रबंध समिति के शुभम पारीक आदि उपस्थिति में कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महेश कुमार पारीक ने उपस्थित चालको व परिचालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी, बाल वाहिनी के संचालन से संबंधित नियमों की जानकारियां दी। यही नहीं उन्होंने दुर्घटनाओं से कैसे बचा सकता है इसके बारे में भी उपायों की जानकारी चालको को दी। इस दौरान जिन वाहन चालकों के नेत्र संबंधी समस्या थी उनके नंबर निकाले गए , जिन ड्राइवर के मोतियाबिंद इत्यादि की शिकायत थी, उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई। इंस्पेक्टर महेश पारीक ने बताया कि समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार के नेत्र परीक्षण कैंप लगाए जाएंगे वह वाहन चालकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा। इस कैंप में 100 से अधिक वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण किए गए।



जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव के मार्गदर्शन में कैंप का शुभारंभ किया गया।

## रामनवमी पर शोभायात्रा आज

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** राम जन्मोत्सव समिति की और सेरामनवमी पर श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। संयोजक दयानन्द शर्मा नें बताया की सांय करीब 6 बजे बस स्टेण्ड के पिछे राम मंदिर से महंत रामसंतोष शरण दास महाराज के पावन सानिध्य में शुरू शोभायात्रा मुख्य मार्गो से होती हुई चौराहे पहुंचेगी।अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, सहसंयोजक मोहित अग्रवाल, संयोजक नंदू सोमानी व शशिकांत पाटोदिया के अनुसार मुख्य चौराहे पर भगवान श्रीराम की महाआरती आकर्षण का केंद्र रहेगी।

शोभायात्रा में विभिन्न समाज संगठन की करीब 22 नयनाभिराम झांकीया शामिल होगी। विधायक डॉ विकास चौधरी, सभापति दिनेश सिंह राठौड़, किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मदनलाल नेहरा अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।


**आम सूचना**

मेरे पिता किशनचंद पुत्र तेजुमल जाति सिंधी, निवासी दौलत सदन, रविन्द्र रंगमंच के पास जैन कॉलोनी, मदनगंज किशनगढ़ का स्वर्गवास दिनांक 18 मार्च 2022 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवदेन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-मनोज वरदानी पुत्र किशनचंद

**नाम परिवर्तन**

यह है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Priti Natani है जबकि आधार कार्ड में व पेन कार्ड में मेरा नाम Preeti Natani उक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के है अत: मुझे भविष्य में Preeti Natani के नाम से जाना पहचाना जावे।

Preeti Natani
2-G-H-8,
Vaishali Nagar, Ajmer

राजस्थान सरकार

**न्यायालय तहसीलदार नागौर**

क्रमांक-भू.अ./2024/2485 दिनांक-5/4/24

सार्वजनिक सूचना

जो कि प्रार्थी अशोक बागड़िया पुत्र स्व. हरीराम जाति जाट निवासी खारी कर्मसोता तहसील व जिला नागौर ने एक प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि वाके ग्राम खारी कर्मसोता स्थित खेत खसरा नम्बर 46 व 47 में खातेदार रामेश्वरी देवी पत्नि स्व. हरीराम जाति जाट निवासी खारी कर्मसोता द्वारा कृषि भूमि में अपने हिस्से की खातेदारी भूमि का वसीयतनामा एक अपने पुत्रों अशोक कुमार व अरविन्द कुमार पुत्रगण स्व. हरीराम के पक्ष में दिनांक 17.10.2016 को लिखा गया है। वसीयतकर्ता रामेश्वरी देवी का स्वर्गवास हो चुका है। वसीयतग्रहिता अशोक कुमार बागड़िया नें वसीयत के अनुसार नामान्तरकरण दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में जेरकार है जिसमें आगामी तारीख पेशी 25.04.2024 मुकर्रर है। अतः किसी व्यक्ति को उजर एतराज हो तो नियत तारीख पर स्वंय या जरिये वकील उपस्थित आकर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा।

यह नोटिस आज दिनांक 20.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मुद्रांक से जारी किया गया।

तहसीलदार नागौर


# दुकानदार से ठगी कर लाखों रुपए के जेवर ले उड़ा ठग

**मसूदा, (निसं)।** कस्बे में मंगलवार को दिन दहाड़े एक युवक दुकानदार को मंदिर में पैसे चढ़ाने के नाम पर दुकानदार को ठगी करके लाखों रूपए के सोने के जेवरात ले जाने का मामला सामने आया।

पुलिस ने मामला दर्ज किया। मसूदा के सदर बाजार निवासी ज्ञान चंद डोसी ने मसूदा पुलिस मे दर्ज कराए गए मामले में बताया कि मंगलवार को प्रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब एक युवक उनकी दुकान पर आया एवं दुकानदार से कहा कि उसकी एक सीमेंट फैक्ट्री में नौकरी लग गई है। जिसके चलते वह जैन मंदिर में 51 हजार रूपए का चढ़ावा चढाना चाहता है। एवं युवक जैन मंदिर ले जाने की बात कहने लगा। जिस पर दुकानदार युवक को जैन मंदिर ले जाने लगा तो युवक ने नौकरी मिलने पर बुर्जुग महिला का आशीर्वाद लेने की बात कही। जिस पर दुकानदार ने युवक पर भरोसा करके वह युवक को दुकान के पास स्थित अपने घर ले गया। जहां युवक ने दुकानदार की पत्नी को 51 हजार रुपये देकर इन पैसों को सोने के साथ रखने एवं शाम को मंदिर में आरती के बाद चढ़ाने का झांसा दिया।

जिससे दुकानदार की पत्नी ने सोने की चार चूड़िया,2 सोने की चैन एवं एक अन्य सोने की चैन के साथ पैसे रूमाल में बांधकर अलमारी में रख दिए। इस दौरान युवक ने हाथ की सफाई दिखाकर जेवरात व नकदी सहित रूमाल अलमारी से निकाल लिए एवं वहां से चला गया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**

क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2024/124 दिनांक : 16-4-24

लोक सूचना

श्री नरेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम बान्दनवाड़ा तहसील भिनाय जिला केकड़ी ( राज. ) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला ब्यावर तहसील बिजयनगर | बरल द्वितीय | 2572/2022 | 0.0285 हैक्टर ( 340.89 वर्गगज ) व्यावसायिक प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों को साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप को अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ........ को जारी की गयी। प्राधिकारी अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, बिजयनगर


# जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दीक्षित ने किया स्ट्रोंग रूम का निरीक्षण

- सहायक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों एवं प्रकोष्ठ प्रभारियों को व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किए

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों के अन्तर्गत मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रोंग रूम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने सम्पूर्ण राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में स्थित समस्त स्ट्रोंग रूम तथा वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित सहायक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों एवं प्रकोष्ठ प्रभारियों को व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किए। समस्त परिसर की करीने के साथ बैरीकेटिंग की जाए। प्रत्येक ब्लॉक के लिए केवल एक ही प्रवेश-निकास द्वारा होना चाहिए। अन्य दरवाजों तथा प्रवेश मार्गों को बन्द करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि समस्त सीसीटीवी कैमरे लगातार चालू रहे। इनसे लगातार निगरानी की जाती रहे। सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया जाए। सुरक्षाकर्मी पारी अन्तराल के साथ तैनात रहेंगे। परिसर में केवल परिचय पत्र धारक कर्मियों का ही प्रवेश सुनिश्चित हो। समस्त कार्मिकों को पूरे समय परिचय पत्र पहनने के लिए पाबन्द किया जाए।

उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन के प्रत्येक सेट की तय मानकों के अनुरूप पेयरिंग की जाए। सम्पूर्ण सेट के सीरीयल नम्बर तथा कार्यशीलता की जांच विभिन्न अलग-अलग स्तरों पर हो। मशीन में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के तकनीकी इंजीनियर्स से जांच करवाई जाए। इंजीनीयर्स की सलाह के अनुसार कार्य करें। आरक्षित मशीनों की भी सम्पूर्ण जांच सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक मशीन एड्रेस टेग के साथ सील हो। ईवीएम मशीन से सम्बन्धित निर्वाचन आयोग के पोर्टल को तत्काल अपडेट करें। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार गौतम सहित समस्त ईआरओ उपस्थित रहे।


**Declaration about criminal cases.**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: RAMCHANDRA CHOUDHARY, KOTRA, AJMER (RAJ)

Name of Political party : INDIAN NATIONAL CONGRESS

Name of Election : LOK SABHA ELECTION – 2024

* Name of Constituency : AJMER – 13

I Ramchandra Choudhary a candidate for the abovementioned election declare for public information the following details about my criminal antecedents.

(A) Pending Criminal Cases

| SL No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of Case (s) | Section (s) of/cts concerned And brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | JM-V, AJMER | FIR 488/19 | FR (Currently protest petition Pending in Court) | Not known |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. no. | Name of Court & date (s) of order (s) | Description of offence (s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N.A. | -N.A.- | -N.A.- | -N.A.- |